दिनांक 10.07.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ निगम जनदर्शन के प्रारंभ हो जाने से नागरिकों को अपनी मांग और समस्याओं से सीधे आयुक्त को अवगत कराने का अवसर प्राप्त हो रहा है। जनदर्शन में निकाय के सभी जोन के आयुक्त तथा विभाग प्रमुख उपस्थित रहते हैं। नागरिकों से प्राप्त आवेदनों को आयुक्त के0एल0 चौहान द्वारा टीप के साथ वहीं संबंधित अधिकारी को सौंपा जाता है। उक्त स्थापित व्यवस्था से नागरिक लाभ उठा रहें है।

प्रत्येक सोमवार को प्रातः 11 बजे से 1:30 बजे तक आयोजित होने वाले जनदर्शन में आज 70 आवेदन जमा हुए, आवेदनों पर जनदर्शन का टोकन नम्बर डालकर संबंधित जोन तथा विभाग को आयुक्त के टीप के साथ भेजा गया है। अभी तक आयोजित तीन जनदर्शन में कुल 239 आवेदन प्राप्त किये गये है। जिसमें से 69 आवेदनों के बारे में नागरिकों को स्थल पर जानकारी उपलब्ध कराई गई। मांगों के आवेदन को कार्यवाही हेतु जोन आयुक्त को दिया गया, आवेदनों पर विधिवत् कार्यवाही कर जोनस्तर से प्रस्ताव तैयार किये जायेंगे। समस्याओं के संबंध में त्वरित कार्यवाही कर समस्याओं का निदान किया जा रहा है।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने नागरिकों से कहा है कि जनदर्शन में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का आवेदन प्रस्तुत कर उसका निदान करायें। मांग के संबंध में प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही की जा रही है।

जनसम्पर्क अधिकारी